RNI NO. MAHHIN / 2010 /43881

# विदर्भ स्वाभिमान

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे

प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे www.vidarbhswabhiman.com

❖ अमरावती, गुरूवार 25 से 31 जुलाई 2024 ❖वर्ष :15 ❖अंक- 05 ❖ पृष्ठ 12 ❖ मूल्य - 10/-आरएनआई नं. MAHHIN/2010/43881 पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2022-2024 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार

## बाबूजी के आदर्श विचार



### पूज्य बाबूजी का जीवन सिद्धांत

ज़ीवन में जो लोग स्वार्थी होते हैं वे किसी के भी नहीं होते हैं. उनका जीवन में कभी कोई अपना नहीं होता है. उनकी खुशियां उन तक ही रहती हैं. ऐसे लोगों से सदैव सावधान रहना चाहिए. जीवन में तुम किसी के काम आए हो तो परमात्मा की इच्छा होती है. उसे गिनाने का प्रयास नहीं करना चाहिए. रिश्तों को स्वार्थ की तराजू पर तौलने वाली जीवन में कभी न तो प्रगित करते हैं और न ही सुखी ही रह पाते हैं. इसका सदैव ध्यान रखना चाहिए. हमेंशा खुश रहें और औरों को भी खुश रखें.


# बजट में सभी को खुश करने का प्रयास

## 5 साल में एक करोड़ युवाओं को रोजगार,बिहार को तारा

**विदर्भ स्वाभिमान,23 जुलाई**

केन्द्र की मोदी सरकार न केन्द्री बजट में सभी को तारने का प्रयास किया है. गरीबों,मध्यमवर्गीयों को जहां राहत देने का प्रयास किया है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने बेरोजगारी को खत्म करने के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं. इनका असर 5 साल में दिखाई देगा. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने यह बजट मंगलवार को प्रस्तुत किया. इसमें अपेक्षाओं के मुताबिक बिहार को अत्याधिक तवज्जो दी गई है.महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राज्य को भी काफी कुछ देने का प्रयास किया गया है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि 'सरकार एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका देगी. यह इंटर्नशिप 12 महीने की होगी. इसमें युवाओं को कारोबार के वास्तविक माहौल को जानने और अलग-अलग पेशे की चुनौतियों से रूबरू होने का मौका मिलेगा. इसके तहत युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये का भत्ता भी दिया जाएगा. यही नहीं, उन्हें एकमुश्त मदद के रूप में छह हजार रुपये दिए जाएंगे. कंपनियों को अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रशिक्षण का



खर्च और इंटर्नशिप की 10 फीसदी लागत को वहन करना

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आंध्र प्रदेश के लिए बजट में एलान करते हुए कहा कि 'सरकार का आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए समन्वित प्रयास किया. बहुपक्षीय विकास एजेंसियों के माध्यम से आंध्र प्रदेश को वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करेंगे. चालू वित्त वर्ष में 15 हजार करोड़ और आगामी वर्षों में अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की जाएगी. पोलावरम सिंचाई परियोजना को जल्दी पूरा कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध. इससे हमारे देश को खाद्य सुरक्षा में भी सहायता मिलेगी. विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे में कोप्पार्थी क्षेत्र में बनियादी ढांचे पर जोर. आर्थिक विकास के लिए पूंजीगत निवेश के लिए एक वर्ष तक अतिरिक्त आवंटन. अधिनियम में रायलसीमा, **शेष पेज 2 पर**









संपादकीय

# अपराधियों पर हंटर, सीपी साहब सचमुच आप ग्रेट हैं

*शहर के पुलिस आयुक्त के रूप में जिम्मेदारी संभालने के बाद से अपराधियों के मामले में सदैव सख्त रहने वाले पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी द्वारा जिस तरह से उनके खिलाफ एमपीडीए, मोका सहित अन्य तरह की कार्रवाइयां की जा रही हैं, अपराधियों को बुलाकर समझाने के साथ ही कार्रवाई करने वाली भूमिका अपनाई जा रही है, उससे शहर में जिस तरह से शांति और व्यवस्था की स्थिति बनी है और सुधार हो रहा है, वह निश्चित ही सराहनीय है. इसके लिए पुलिस आयुक्त रेड्डी सचमुच अभिनंदन के पात्र हैं. उन्होंने जब से पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी संभाली है, लोकसभा का चुनाव जिस प्रकार शांतिपूर्ण माहौल में हुआ, उसके लिए भी उनकी सराहना की जानी चाहिए. किसी भी क्षेत्र में और कोई भी व्यक्ति शतप्रतिशत परिणाम नहीं दे सकता है, यह अटल सत्य है लेकिन इसके बाद भी ईमानदारी से किया जा रहा प्रयास निश्चित ही शहरवासियों के लिए गर्व की बात है. वैसे भी हर बात के लिए केवल पुलिस को कोसने की प्रवृत्ति से हमें बचना होगा. आज परिवार और सामाजिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है. संस्कारों के अभाव में युवा पीढ़ी व्यसन, गलत आदतों के साथ ही अपराध जगत में पहुंचकर स्वयं को फिल्मों में देखकर दादा बनाने वाली प्रवृत्ति बढ़ रही है, इसके लिए निश्चित तौर पर केवल पुलिस दोषी नहीं है. इसके लिए निश्चित तौर पर परिवार तथा समाज की व्यवस्था भी उतनी ही दोषी है. अगर पुलिस को ही सब बातों के लिए दोषी ठहराया जाए तो निश्चित तौर पर शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने घर-परिवार को भी समय नहीं देने वाले हर जवान द्वारा दिया जा रहा योगदान भी याद किया जाना चाहिए. आज हम निश्चिंतता की नींद इसलिए सो पाते हैं क्योंकि पुलिस जागती है. इस बात से कोई भी इंकार नहीं कर सकता है. पुलिस आयुक्त बोलने में कम और करने में अधिक विश्वास रखते हैं. यही कारण है कि राजनीतिकों के भाग्य को तय करने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने जिस तरह से सक्रियता का परिचय दिया और बेहतरीन माहौल में चुनाव सम्पन्न हुआ, कोई तनाव नहीं हुआ, यह किसी उपलब्धी से कम नहीं है. अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त के साथ ही डीसीपी गणेश शिंदे, सागर पाटील, मैडम के साथ ही सभी एसीपी तथा थानेदारों के योगदान को इंकार नहीं किया जा सकता है. आज भी कई संगीन मामलों को पुलिस द्वारा जिस तरह से सुलझाया गया, वह निश्चित ही शहर पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतरीन बनाने के प्रयासों का ही संकेत है. खोलापुरी गेट जैसे संवेदनशील इलाके में बतौर थानेदार स्वाती पवार मैडम द्वारा किया जा रहा प्रयास भी निश्चित ही सराहनीय है. रिकार्डधारी अपराधियों की जिस तरह से क्लास पुलिस आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में लिया जा रहा है, वह निश्चित ही सराहनीय है. पुलिस कोई जादू की छड़ी नहीं है कि घुमाते ही सभी समस्याओं का निराकरण हो जाएगा. वे भी हमारे आपके जैसे इंसान है. ड्यूटी, घर परिवार तथा अन्य तनाव उन पर भी उसी तरह रहते हैं, जैसे हम पर रहते हैं. ऐसे में संस्कारों की कमी के कारण अगर बेटी भाग रही है, बेटा नालायक निकल रहा है और उसके लिए भी पुलिस को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है तो निश्चित ही इसका समर्थन नहीं किया जा सकता है. पुलिस आयुक्त के अभी तक के कार्यकाल में जिस तरह से शांति व्यवस्था के साथ उन्होंने कार्य किया है, अपराधियों पर खौफ पुलिस का बढ़ा है,उसके लिए सचमुच शहर पुलिस और इसके प्रमुख रेड्डीजी को निश्चित ही ग्रेट कहना चाहिए.*

# खरबों की सम्पत्ति,फिर भी लाचार पिता

## उद्योगपति मुकेश अंबानी की व्यथा जीवन का चित्र अधूरा ही रहता है



**विदर्भ स्वाभिमान**

मेरी तो खरी-खरी

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199

ज़ीवन में जो लोग स्वयं पर घमंड करते हैं, उनके लिए यह लेख प्रस्तुत किया जा रहा है. अच्छे रहेंगे तो सदैव अच्छा होगा. जीवन में हंसाने का लक्ष्य तय करेंगे तो रोने की नौबत कभी नहीं आएगी. जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी दुनिया से अमीरों में हैं, लेकिन सृष्टि के सामने वे भी खरबों की दौलत रहने के बाद भी लाचार हैं, अपने पुत्र अनंत की एक दिन की खुशी पैसों से नहीं ले सकते हैं. सृष्टिकर्ता ने जीवन की रचना इस प्रकार से की है कि जीवन में संपूर्ण सफलता देने के बाद भी, वह कहीं न कहीं जानबूझकर जीवन के चित्र को अधूरा छोड़ देता है. इस अधूरेपन की उपस्थिति हमें लगातार जमीन पर ही रहने की याद दिलाती रहती है.दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में ग्यारहवें स्थान पर और एशिया के नंबर एक अमीर उद्योगपति, रिलायंस समूह के अध्यक्ष मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की दुनिया की सबसे महंगी शादी समारोह के कारण मार्च महीने की शुरूआत में पूरे विश्व में चर्चा हुई. सोशल मीडिया पर भी इसकी खूब चर्चा हुई.

इस समारोह में मेंहमानों को नाश्ता, दोपहर का भोजन, दोपहर की चाय, रात का भोजन और मध्यरात्रि के नाश्ते के लिए 12,000 व्यंजन परोसे गए. इस कार्यक्रम में फिल्म इंडस्ट्री के सभी सुपरस्टार नाचते हुए नजर आए. दुनिया भर की मशहूर ग्लैमरस हस्तियों की उपस्थिति के बावजूद, सभी का ध्यान शारीरिक विकृति से ग्रसित अनंत अंबानी पर था. क्योंकि वह एक गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, जिसका पारंपरिक दवाओं से इलाज संभव नहीं है. इलाज के लिए उसे लगातार स्टेरॉइड्स लेने पड़ते हैं. इन कॉर्टिकोस्टिरॉइड्स के कारण अनियंत्रित भूख लगती है, जिससे



व्यक्ति अधिक मात्रा में भोजन करता है. परिणामस्वरूप उसका वजन अनियंत्रित रूप से बढ़ता है.अरबों डॉलर की संपत्ति होने के बावजूद, मुकेश अंबानी का प्रिय और सबसे छोटा बेटा ऐसी बीमारी से ग्रस्त है जिसके लिए स्टेरॉइड्स के दुष्प्रभावों के बिना इस दुनिया में कोई और उपाय नहीं है. अनंत को हाथी जैसी बीमारी ने घेर लिया है, इसलिए मुकेश अंबानी ने हाथियों के इलाज, मनोरंजन, स्पा और मसाज की सुविधाओं से भरी हजारों एकड़ जमीन को सफारी पार्क में बदल दिया है. इस सफारी पार्क में हर दिन सैकड़ों टन सूखे मेंवे हाथियों को दिए जाते हैं.मुकेश अंबानी के बीमार बेटे के साथ के व्यक्तिगत संघर्ष की यह बस एक झलक है. सारी सुख-संपत्ति पैरों में लोटते हुए भी वह अपने बेटे के लिए संपूर्ण स्वास्थ्य का एक भी दिन खरीद नहीं सकता.इस समारोह में हजारों मेंहमानों को संबोधित करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका जीवन गुलाब की सेज नहीं बल्कि कांटों से भरी यात्रा है.

मुकेश अंबानी ये शब्द बोलते समय, एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति के चेहरे पर कैमरा जूम इन हुआ, उसका चेहरा गहरे दुख में डूबा हुआ दिखा, उसकी आंखों से आंसू बहते हुए नजर आए. उन आंसुओं में दर्द और असहायता स्पष्ट दिखाई दे रही थी. अरबों डॉलर की संपत्ति होने के बावजूद वह अपने बेटे के लिए एक साधारण दिन का पूर्ण स्वास्थ्य भी नहीं खरीद सका, यह पीड़ा महसूस हो रही थी.कितना अजीब है सृष्टिकर्ता का न्याय? वह जीवन के चित्र को कहीं न कहीं अनजाने में अधूरा ही छोड़ देता है. और इस अधूरेपन में ही पूर्णता का सार दर्शाता है.

**कृतज्ञता का भाव रखें**

अंबानी परिवार धार्मिक के साथ ही सामाजिक कामों में भी सदैव अग्रणी रहता है. लाखों कर्मचारियों की दुवाएं भी उनके पास हैं. लेकिन नियति के आगे यह सब फेल है. मुकेश अंबानी की संपत्ति की जलन करने के बजाय, हमें भी अपने जीवन के अधूरे चित्र के लिए सृष्टिकर्ता का धन्यवाद करना चाहिए. क्योंकि अंबानी के अधूरे चित्र जितनी दुखदायी तस्वीर हमारी नहीं है. इसलिए हम जैसे हैं वैसे ही खुश रहें और जीवन के प्रति आभार और कृतज्ञता व्यक्त करें. हम तो जीवन में कुछ खास नहीं करने के बाद भी हमारा घमंड हमें न अपनों का होने देता है और न ही किसी दूसरे का.विनम्रता से ही दिलों को जोड़ा जा सकता है, अपने अहंकार से यह कभी भी संभव नहीं है. जीवन में अहंकारी व्यक्ति कभी भी सुखी नहीं रह सकता है, इसकी सीख देने के लिए यह बेहतरीन आर्टिकल प्रकाशित किया गया है.

# बजट में सभी को खुश करने का प्रयास

**पेज 1 से जारी-** प्रकाशम और उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों के लिए अनुदान देने की घोषणा बजट में की गई है.

**पहली बार नौकरी पाने वालों को तोहफा-**सरकार की नौ प्राथमिकताओं में से एक है रोजगार और कौशल विकास. इसके तहत पहली बार नौकरी करने वालों को बड़ी मदद मिलने जा रही है. फॉर्मल सेक्टर में पहली बार नौकरी की शुरुआत करने वालों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा. यह वेतन डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए तीन किस्तों में जारी होगा. इसकी अधिकतम राशि 15 हजार रुपये होगी. ईपीएफओ में पंजीकृत लोगों को यह मदद मिलेगी. योग्यता सीमा एक लाख रुपये प्रति माह होगी. इससे 2.10 करोड़ युवाओं को फायदा होगा. सरकार रोजगार में प्रवेश करने वाले 30 लाख युवाओं को भी फायदा देने जा रही है. यह फायदा भविष्य निधि यानी पीएफ में एक महीने के योगदान के रूप में होगा.

वित्त मंत्री ने कहा 'हमारी सरकार प्रधानमंत्री पैकेज के हिस्से के रूप में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के लिए तीन योजनाएं लागू करेगी. ये




ईपीएफओ में नामांकन पर आधारित होंगी और पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों की पहचान और कर्मचारियों और नियोक्ताओं को सहायता पर ध्यान केंद्रित करेंगी.' वित्त मंत्री ने बजट में बिहार की सड़क-संपर्क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपये देने का एलान. इससे पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे का विकास होगा. बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा सड़क संपर्क परियोजनाओं का भी विकास होगा. बक्सर में गंगा नदी पर दो लेना वाला एक अतिरिक्त पुल बनाने में भी मदद होगी. बिहार में 21 हजार 400 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत परियोजनाएं शुरू की जाएंगी. इसमें पिरपैंती में 2400 मेगावॉट के एक नए संयंत्र की स्थापना भी शामिल है. बिहार में नए एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेजों और खेलकूद की अवसंरचना का भी निर्माण होगा. पूंजीगत निवेशों में सहायता के लिए अतिरिक्त आवंटन उपलब्ध कराया जाएगा. बिहार सरकार के बहुपक्षीय विकास बैंकों से बाह्य सहायता के अनुरोध पर तेजी से कार्यवाही होगी.किसानों, महिलाओं को भी बहुत राहत देने का कार्य इस बार के बजट में सरकार ने किया है.

विदर्भ स्वाभिमान
आरएनआई नं. MAHHIN/2010/43881
यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbh.swabhiman@gmail.com,www.vidarbhswabhiman.com







# महामंडलेश्वर मां कनकेश्वरी देवी के हाथों विदर्भ स्वाभिमान गुरूपूर्णिमा विशेषांक का विमोचन

**विदर्भ स्वाभिमान,23 जुलाई**

मोरबी (गुजरात) भारतीय संस्कृति और संस्कारों में गुरू का अनन्य महत्व है. यही कारण है कि माता-पिता तथा गुरू को सवाधिक सम्मान देना चाहिए. गुरू का स्थान तो प्रभु से भी अधिक बताया गया है. विदर्भ स्वाभिमान द्वारा सुख्यात समाजसेवी तथा भारतीय जैन संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी तथा गुरू भक्त सुदर्शन गांग,प्रदीप जैन तथा आनंद परिवार के सहयोग से गुरूपूर्णिमा पर महामंडलेश्वर मां कनकेश्वरी देवी पर विशेषांक का प्रकाशन किया गया. इसका विमोचन मां कनकेश्वरी देवी के हाथों मोरबी आश्रम में गुरूपूर्णिमा महोत्सव के दौरान किया गया. इस समय भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गी य तथा देशभर के संत-महंत तथा गुरूभक्त उपस्थित थे. मां ने इस समय विदर्भ स्वाभिमान की पहल को आशिर्वाद दिया. मौके पर उपस्थित भक्तों को इस विशेषांक का वितरण प्रदीप जैन तथा भक्तों द्वारा किया गया. उल्लेखनीय है कि धर्म के साथ ही समाज सेवा, शिक्षा सेवा के साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए मां कनकेश्वरी द्वारा देशभर में विभिन्न गौशाला केन्द्र, कम्प्यूटर केन्द्र तथा गरीब बच्चों को शिक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग, अन्नदान, का कार्यक्रम भी चलाया जाता है.धर्म से आचरण और आचरण से संस्कार संवरता है.

*गुजरात के मोरबी में रविवार 21 जुलाइ को आयोजित गुरूपूर्णिमा महोत्सव में भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय मां को गुरूपूर्णिमा विशेषांक दिखाते हुए. नीचे के चित्र में विशेषांक की कल्पना देने वाले और इसे साकार करने में सहयोग करने वाले मां के अनन्य भक्त समाजसेवी सुदर्शन गांग विशेषांक को मां का आशिवाद प्राप्त करते हुए. साथ में आनंद परिवार के संचालक प्रदीप जैन तथा अन्य भक्त और संत भी उपस्थित थे. मां कनकेश्वरी देवी की आशिर्वाद मुद्रा.*







चंद्रकुमार उर्फ लप्पीभैया जाजोदिया राष्ट्रीय समाजसेवी

मधुसूदन ग्रुप,अमरावती, मुंबई तथा जाजोदिया परिवार, अमरावती.


# मानवता, मूल्याधारित पत्रकारिता सदैव रही है विदर्भ स्वाभिमान की पहचान

### समाजसेवी चंद्रकुमार जाजोदिया ने 15वीं वर्षगांठ पर दी शुभकामनाएं



**विदर्भ स्वाभिमान,23 जुलाई**

अमरावती- समाचार पत्रों की बढ़ती भीड़ में कुछ ही लोग आज के दौर में पत्रकारिता के आदर्श उसूलों पर चलते हुए पत्रकारिता करते हैं. इनके लिए यह व्यवसाय नहीं बल्कि समाज, राष्ट्र को जागरूक करने का माध्यम रहता है. मानवता, भारतीयता और संस्कारों को प्रोत्साहित करने वाले समाचार पत्र के रूप में विदर्भ स्वाभिमान ने अपना स्थान बनाया है. इसमें कभी भी नकारात्मकता, किसी को नाहक बदनाम करने तथा अन्य हथकंडों का उपयोग नहीं किया जाता है. इसकी बजाय सामाजिक, राष्ट्रीय, धार्मिक विषयों पर विशेषांक के माध्यम से समाज का प्रबोधन करने का प्रयास किया जाता है. विदर्भ स्वाभिमान का यह प्रयास न केवल सराहनीय बल्कि अभिनंदनीय है. इस आशय का मत सुख्यात व्यवसायी, मधुसूदन ग्रुप के प्रमुख तथा अभी तक दर्जनों पुरस्कारों से सम्मानित चंद्रकुमार उर्फ लप्पीभैया जाजोदिया ने किया. शहर की शान के रूप में पहचान रखने वाले चंद्रकुमार जाजोदिया ने कहा कि आज देश में मूल्याधारित पत्रकारिता की जरूरत है. उनके मुताबिक समाज को आईना दिखाने का काम पत्रकारिता के माध्यम से ही किया जाता है.

उनके मुताबिक विदर्भ स्वाभिमान द्वारा वर्तमान में परिवार के बिगड़ते गणित, माता-पिता की सेवा को लेकर किया गया प्रयास संभवतः किसी साप्ताहिक अखबार द्वारा किया गया पहला प्रयास होगा. इस किताब का विमोचन करने के साथ ही इसमें माता-पिता की महत्ता तथा माता-पिता की सेवा से होने वाले पुण्य का विशेष रूप से जिक्र किया गया है. समाजसेवी चंद्रकुमार जाजोदिया के मुताबिक अगर समाज के लिए कुछ करने का जज्बा हो तो स्थितियां कभी डिगा नहीं सकती हैं. इस बात को तमाम अवरोधों के बाद भी विदर्भ स्वाभिमान ने साबित किया है. श्रीराम लला की स्थापना, शिव महापुराण के आयोजन के साथ ही लेडी गवर्नर डॉ.कमलताई गवई के जन्मदिन पर प्रकाशित विशेषांक संग्रणीय है. इसके लिए निश्चित तौर पर संपादक की जितनी सराहना की जाए कम है.

# खल्लार का बालाजी मंदिर है जागृत, भक्ति की बहती है गंगा

**अमरावती जिले का गौरवमयी धार्मिक इतिहास है. यहां पर विभिन्न मंदिरों के साथ ही यहां के लोगों की धार्मिकता, अच्छे काम में साथ देने वाली अच्छी सोच सुख्यात है. बडनेरा से कुछ किलोमीटर कीदूरी पर स्थित और प्राचीन तथा पौराणिक खल्लार बालाजी मंदिर भी इसी तरह का मंदिर है. जागृत बालाजी के चरणों में मन्नत मांगने देशभर से लोग आते हैं. मंदिर में तिरूपति बालाजी की तर्ज पर रोज सुबह का अभिषेक, गोविंदा की आरती और इसमें सैकड़ों की संख्या में शामिल होने वाले भक्त इसका उदाहरण हैं. श्री बालाजी, महालक्ष्मी तथा मां पद्मावती की मूर्ति भक्तों को प्रसन्न करती है.**








अमरावती शहर तथा जिले का गौरवमयी इतिहास है. चाहे प्रभु श्रीराम का ननिहाल, माता रूक्मिणी का मायका श्रीक्षेत्रकौं डण्यपुर हो अथवा विदर्भ की कुलदेवी मां अंबा-एकवीरा देवी का प्राचीन तथा पौराणिक मंदिर हो, जिले को सदैव धार्मिक विरासत मिली है. बडनेरा के करीब खल्लार बालाजी का मंदिर भी कुछ इसी तरह का मंदिर है. यहां आने वाले भक्तों को अपार सुकून की अनुभूति होती है। विगत शुक्रवार को मंदिर में जाने और अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त होने के बाद यह अनुभव किया. मंदिर में अपार सुकून के साथ ही जिस तरह से शांति की अनुभूति होती है और प्रभु वेंकटेश बालाजी, माता महालक्ष्मी और पद्मावती के अभिषेक तथा दर्शन से मन तृप्त हो जाता है. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष खडसे परिवार के साथ ही महेश डोबा के साथ ही रामार्पण परिवार के अतुल महाराज सहित यहां आने वाले भक्त भजनों तथा आरती में तृप्त हो जाते हैं. हर दिन मंदिर में वैसे तो भक्तों की भीड़ रहती है लेकिन मंदिर की व्यवस्था इतनी शानदार है कि साफ-सफाई से लेकर हर व्यवस्था बेहतरीन होती है. हजारों भक्तों को यहां इसकी अनुभूति होती है. बडनेरा से कुछ किलोमीटर की दूरी पर खल्लार स्थित प्राचीन और पौराणिक बालाजी मंदिर से आता है. मंदिर में स्थापित भगवान बालाजी स्वयंभू हैं. बताते हैं कि कुएं में मिली इस मूर्ति का दर्शन कर भक्त जहां तृप्त होते हैं, वहीं अमरावती के भक्तों द्वारा हर शुक्रवार को यहां पर अभिषेक सुबह 7 से 10 बजे तक किया जाता है. अविनाश काले के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित अभिषेक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए. इस समय भजनों की प्रस्तुती और हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ ने भक्तों को अपार उर्जा देने का काम किया. इस समय कांता काले, राजेश बनारसे, अविनाश काले के साथ ही विदर्भ स्वाभिमान के संपादक सुभाष दुबे, मुख्य प्रबंधक सौ. वीणा दुबे, खुशी, आर्यन के साथ ही अन्य भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे. महेश डोबा ने बताया कि वर्षों से मंदिर की सेवा कर रहे हैं और सभी के सहयोग से यह मंदिर भक्तों की इच्छा आकांक्षाओं को पूरा करने वाला जागृत मंदिर बन गया है.मंदिर में अधिकाधिक संख्या में भक्तों से भेंट देकर जीवन धन्य करने का आग्रह किया गया है. मंदिर की स्वयंभू व्यंकटेश बालाजी के चरणों में की जाने वाली कामना सफल होने की जानकारी कई भक्तों ने दी है. मंदिर में भक्तों की भीड़ रहती है.


## विदर्भ स्वाभिमान

### कमाने का सुनहरा अवसर,विज्ञापन सहयोगी चाहिए

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को विज्ञापन सहयोगी की आवश्यकता है. बाजार पर पकड़ रखने वाले और आर्थिक मजबूती के साथ ही संभाषण कला में निपुण युवक-युवतियां संपर्क करें. काम के आधार पर मानधन और उनके द्वारा किए गए व्यवसाय पर कमीशन भी दिया जाएगा. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें.संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे

**मोबाइल 9423426199/8855019189**

## वार्ड संवाददाता चाहिए

अमरावती महानगर पालिका क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का फैसला विदर्भ स्वाभिमान ने लिया है. ऐसे में वार्ड स्तर पर संवाददाताओं की नियुक्ति करनी है. समस्या की समझ के साथ ही समाजसेवा में रूचि रखने वाले युवा संपर्क कर सकते हैं. अपने क्षेत्र की समस्याएं आप भी जागरूक नागरिक के रूप में देकर प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं. अपने क्षेत्र में मार्केटिंग के साथ ही विज्ञापन व्यवसाय के माध्यम से बेहतरीन कमाई भी कर सकते हैं. मेहनत करने की तैयारी वाले ही तत्काल संपर्क करें

संपर्क

छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती

मो. 9423426199/8855019189








## विदर्भ स्वाभिमान

### सदस्य बनें

विदर्भ स्वाभिमान संस्कारों का प्रोत्साहित करने वाला अखबार है. बच्चों के लिए यह ज्ञान का भंडार है. इसकी सदस्यता का अभियान चल रहा है. ऐसे में सदस्य बनने के इच्छुक संपर्क करें. मार्केटिंग करने तथा पेपर बांटने के लिए लड़के चाहिए.

संपर्क

छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती.

मो.9423426199

# अभी भी जिला विकास के लिए समर्पित प्रयास है जारी

## फिनले शुरू होने के संकेत, बेलोरा हवाई अड्डे से भी उड़ान की कोशिश तेज, जनसंपर्क है पूर्ववत

विदर्भ स्वाभिमान, 23 जुलाई

**अमरावती**-जिले के विकासार्थ राणा दम्पति द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है. विधायक रवि राणा तथा पूर्व सांसद नवनीत राणा द्वारा जिले में अचलपुर के विकास के साथ ही हजारों श्रमिकों को बेरोजगार करने वाली बंद फिनले मिल शुरू करने को लेकर कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह के साथ बैठक के बाद मंगलवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस द्वारा विधायक रवि राणा के साथ की गई बैठक के चलते यह मिल शुरू होने के संकेत मिले हैं. इसके लिए राणा दम्पति द्वारा लम्बे समय से लगातार प्रयास किया जा रहा है, इसके बेहतरीन परिणाम निकलने की संभावना जताई जा रही है.



शहर के इतिहास में बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के भी जिस तरह से पूर्व सांसद नवनीत राणा ने अमरावती की आवाज को दिल्ली में मजबूत आवाज दी थी, निराधारों,गरीबों के साथ ही किसानों , दिव्यांगों और सभी की आवाज उठाई थी, आज उसे याद किया जा रहा है. इतना ही नहीं तो लोगों को भी विकास का मौका खोने का गम सता रहा है, कई लोगों द्वारा इसे व्यक्त भी किया जा रहा है.संसद के शुरू मानसून सत्र में अमरावती जिले की जनता को इसकी कमी खलती दिखाई दे रही है. लोग आज इस गलती को मानने से नहीं हिचक रहे की मतदान के माध्यम से अमरावती जिले के विकास को उन्होंने 10 साल पीछे छोड़ दिया है. विशेष रूप से सांसद नवनीत राणा महिलाओं में अत्याधिक लोकप्रिय रहने के कारण महिलाओं को गलती का पछतावा हो रहा है.

जनता के लिए करती रहूंगी

इस मामले में भाजपा की राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर की नेत्री नवनीत राणा का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें जनता की सेवा की सीख दी है. अमरावती जिले ने उन्हें सदैव अपार प्रेम दिया है और आज भी दे रहा है, राजनीति में हार-जीत चलती है लेकिन जिले के सर्वा गीण विकास का जो सपना उन्होंने देखा था, उसे ब्रेक लगने के कारण थोड़ी दुःखी जरूर हैं लेकिन जिले को विकास में अग्रणी रखने के लिए अपने संपर्कों का इस्तेमाल करते हुए वे तथा विधायक रवि राणा सदैव प्रयासरत रहेंगे.

सांसद रहने के बाद भी नवनीत राणा की सादगी विकास को लेकर विजन और अमरावती जिले के सर्वांगीण विकास का सपना और इस सपने के लिए दिल्ली में लगातार किया जा रहा प्रयास अब लोगों को याद आ रहा है. कई लोग यह कहने में भी नहीं सकते कि जाति धर्म की बजाय राणा दंपति ने सदैव जनता के भलाई के साथी शहर और जिले को विकास के मामले में सदैव अग्रणी रखने का ही प्रयास किया है. आज भी राणा दंपति द्वारा जनता को ही अपना सब कुछ मानने वाली मानसिकता अन्य किसी नेताओं के स्वभाव में नहीं देखी जा सकती है. सांसद के रूप में नवनीत राणा ने कई इतिहास दिल्ली में रच दिए.

दिल्ली में कपड़ा मंत्री से मुलाकात की बात हो, बेलोरा हवाई अड्डे को गति देने की बात हो आज भी अमरावती जिले के विकास के लिए उनका दिल सदैव धड़कता है. इसका अनुभव उनसे मिलने वाले कार्यकर्ताओं के साथी जिले के नागरिक भी करते हैं. बड़ी संख्या में लोग यह स्वीकार करने में तनिक भी हिचक नहीं करते की अमरावती के सांसद ने जिस तरह से आम जनता के लिए इस अति विशिष्ट पद का उपयोग किया था, इसका उदाहरण ना तो अमरावती में इससे पहले था और ना ही भविष्य में भी दिखाई दे सकता है. राणा दम्पति के मुताबिक जिले के विकास को लेकर यहां से लेकर मुंबई, वहां से दिल्ली तक जो भी प्रयास बन पड़ेगा, सदैव करते रहेंगे. कईयों के बेहतरीन नतीजे भी दिखाई दे रहे हैं. जिले में रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में उनका प्रयास सदैव जारी रहेगा.

# विश्वनाथराव खारोडे आदर्श विचारों तथा उसूलों वाले आदर्श व्यक्तित्व

## जन्मदिन पर विशेष, राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत है परिवार





Happy Birthday!

ज़ीवन तथा समाज में कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनके आदर्श का उदाहरण दिया जा सकता है, ऐसे ही लोगों में शामिल हैं आदर्श पिता,पुत्र तथा हर रिश्ते में ईमानदार रहने वाले विश्वनाथ खारोडे का स्वभाव, उनकी सादगी निश्चित ही काबिले तारीफ है. उनकी विनम्रता किसी को भी प्रभावित करती है.आज के दौर में रिश्तों को स्वार्थ का माध्यम मानने वालों की बढ़ती भीड़ में उनके जैसे लोगों की संख्या उंगलियों पर गिनने इतनी है. आज भी कई लोग ऐसे हैं, जो जीवन में नीतिमत्ता, विश्वास और सिद्धांतों को अत्याधिक महत्व देते हैं. इसी तरह के लोगों में शामिल हैं कांग्रेस के राष्ट्रीय विचारों से प्रेरित विश्वनाथराव खारोडे. सेवाभावना जहां उनमें कूट-कूटकर भरी है, वहीं उनका स्पष्ट मानना है कि जीवन में आदर्श आचार-विचार और संस्कारों का अत्याधिक महत्व होता है. जीवन में कई लोग अपने स्वभाव के चलते किसी को भी अपने दिल में और उसके दिल में जगह बना लेते हैं.विनम्रता, सादगी के साथ ही युवाओं के लिए वे जहां प्रेरणास्थान हैं, वहीं बच्चों पर भी वही आदर्श संस्कार डाला है. पुत्र अनिल खारोडे रेलवे में जहां पुलिस उपनिरीक्षक के रूप में सेवारत रहते हुए ईमानदारी की मिसाल बने हैं, वहीं दूसरी ओर पूरा परिवार सेवाभाव से ओतप्रोत रहता है. अनिल भैया का स्वभाव इंसानियत से परिपूर्ण है. ड्यूटी के मामले में समर्पण के कारण वरिष्ठ अधिकारियों का सदैव प्रोत्साहन मिलता है, वहीं वे स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं. चाचाजी की अच्छाईयां, उनके सत्य और अहिंसा के साथ ही राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत विचार युवाओं के लिए प्रेरणा देने का काम करते हैं. वे कहते हैं कि भारत महान राष्ट्र है. हम सभी भाग्यशाली हैं, जिन्हें भारत में जन्म मिला है. राष्ट्रीयता की भावना को सर्वाधिक महत्व जहां देते हैं, वहीं उनका स्पष्ट मानना है कि राष्ट्र से बड़ा कोई नहीं हो सकता है.इसकी झलक बेटे अनिल खारोडे, बहू तथा परिवार में भी दिखाई देती है. उनका 30 जुलाई को जन्मदिन है, इस उपलक्ष्य में विदर्भ स्वाभिमान परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं.

विदर्भ स्वाभिमान,अमरावती.

# इंसानियत वाले विनम्र व्यक्तित्व हैं अजीत जैन

## जन्मदिन पर विशेष, मोदी को मानते हैं बेहतरीन पीएम, सेवाभाव से रहते हैं सदैव ओतप्रोत

ज़ीवन में आने वाले हर व्यक्ति पर नाम कमाने और परिवार का नाम रोशन करने की जिम्मेदारी होती है. इसमें कितने लोग सफल होते हैं. लेकिन कुछ लोग जीवन के लक्ष्य तय करते हुए उसे हासिल करने के लिए मेहनत तथा समर्पण का पर्याय बनते हैं, ऐसे ही लोगों में शामिल हैं भवन निर्माता हमारे मित्र अजीत जैन. माता-पिता की सेवा के चमत्कार के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सदैव योगदान देते हैं. उनका कहना है कि जितना बन सके, मानव को मानव की सेवा करने का प्रयास करना चाहिए.

संघर्षों से जूझने के बाद भी हार नहीं मानते हुए व्यवसाय के क्षेत्र में आज शहर ही नहीं तो राज्यस्तर पर कामयाबी हासिल करने वाले अजीत जैन जितने बेहतरीन व्यवसायी हैं, उतने ही बेहतरीन और सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहने वाले मित्र हैं. उनकी कामयाबी जहां सराहनीय है, वहीं दूसरी ओर मानवता की सेवा को लेकर उनकी सोच भी बेहतरीन है. शहर में मानवता की सेवा के समर्पित हरफनमौला एवं सामाजिक कामों में अग्रणी व्यवसायी के रूप में अजीतभैया जैन का मानना है कि मेहनत करने का कोई पर्याय नहीं हो सकता है. मेहनत अगर सही हुई है तो निश्चित तौर पर





Happy Birthday!

विदर्भ स्वाभिमान

सफलता मिलना तय है.वे जहां यारों के यार हैं, वहीं दूसरी ओर उनके सादगी वाले स्वभाव के कारण हजारों की संख्या में मित्र परिवार तैयार किया है.प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का बेस्ट प्रधानमंत्री बताने वाले अजीत जैन का कहना है कि हर व्यक्ति के लिए राष्ट्रधर्म प्रथम कर्तव्य होना चाहिए. देश सुरक्षित है तो ही हम सुरक्षित रहकर प्रगति कर सकते हैं. मानवता की सेवा से बड़ी सेवा नहीं है. दयाभावना, क्षमा भावना रखने वाला व्यक्ति ही जीवन में आगे रहता है. सादगी, सम्पन्नता, विनम्रता जैसी खूबियां उन्हें प्रभावित करती हैं. स्वयं भी राज्यस्तर के भवन निर्माता बनकर अमरावती का नाम व्यवसाय के क्षेत्र में चमका रहे हैं लेकिन संघर्ष से सफलता के आसमानी सफलता के बाद भी उनके पैर सदैव जमीन पर ही हैं. राज्य के कई शहरों में उनके प्रकल्प रहने के बाद भी उनकी सादगी और मित्रों के प्रति स्वभाव में कोई अंतर नहीं आया है. भैया बचपन से ही संवेदनशील रहने के साथ ही यारों पर मर मिटने वाले व्यक्ति हैं. माता-पिता के अपनेपन के संस्कार को सदैव याद रखते हैं. आज जिले में ही नहीं तो विदर्भ स्तर के सुख्यात व्यवसायी होने के बाद भी उनकी सादगी, उनका अपनापन किसी को भी प्रसन्न कर देता है.उनका मानना है कि आप किसी को सम्मान देंगे तो निश्चित ही आपको भी सम्मान मिलेगा. अजीतभाई के मुताबिक हर व्यक्ति का अपना महत्व और अपनी खूबी होती है. इसलिए किसी को भी अपने से कम नहीं आंकना चाहिए. व्यवसायी के रूप में अजीत जैन जितने सफल हैं, उतने ही सफल वे रिश्तों को निभाने के मामले में भी रहते हैं.यही कारण है कि न केवल अमरावती बल्कि उनका बड़ा मित्र परिवार है.व्यवसाय के साथ ही समाजसेवा में भी उनका समुचित योगदान रहता है. व्यवसाय के साथ ही वे सामाजिक कामों में जहां अग्रणी रहते हैं, वहीं दूसरी ओर सदैव नेक कामों में योगदान देने से पीछे नहीं हटते हैं. उनके मिलनसार स्वभाव के कारण हजारों का मित्र परिवार उन्होंने जहां बनाया है. 20 साल से अधिक समय से उनसे जुड़ा हूं लेकिन आसमानी सफलता के बाद भी संबंधों को किस तरह निभाया जाता है, इसके आदर्श उदाहरण अजीत जैन हैं. उनका 30 जुलाई को जन्मदिन है. उन्हें विदर्भ स्वाभिमान परिवार की करोड़ों हार्दिक शुभकामनाएं.

आपका एक मित्र,अमरावती.

# जगदगुरु राजेश्वर माऊली सरकार के शिष्यों ने मनाई गुरुपौर्णीमा

## रुक्मीणी पीठ के प्रांगण में देशभर से उमड़े भक्त, गुरू के आशिर्वाद के लिए उमड़े भक्त

**विदर्भ स्वाभिमान, 23 जुलाई**

अमरावती/अंबिकापुर- जिले ही नहीं तो समूचे देश में शान के तौर पर विकसित हो रहे कौंडण्यपुर स्थित श्री रुक्मीणी पीठ में आषाढ़ी पूर्णिमा भव्य पैमाने पर मनाई गई. इसमें जहां माऊली सरकार ने हजारों भक्तों को आशिर्वाद दिया, वहीं इस समारोह ने सभी के लिए यादगार समारोह के रूप में अपना स्थान बनाया. इसमें अमरावती सहित देशभर से माऊली सरकार के भक्त बड़ी संख्या में सहभागी थे, सभी के लिए यह समारोह यादगार रहा.



दिप प्रज्वलीत कर परमपुज्य जगदगरु स्वामी श्री राजेश्वराचार्य माऊली सरकार का पाद्यपुजन उपस्थित भक्तों के प्रतिनिधि के रूप में कारंजा लाड निवासी रामदास कांबले , वरोरा निवासी डॉ.गोंडे ,वर्धा निवासी आकाश वानखडे एवं धारणी निवासी गोपाल राठोड ने वेदोक्त विधि-विधान से करने के पश्चात श्री रुक्मीणी पीठ के अध्यक्ष सुरेशी पाटील ने अपने प्रस्ताविक उदबोधन में श्री रुक्मीणी पीठ निर्माण कार्य एवं योजना तथा उपक्रमोंकी जानकारी देते हुए श्री रुक्मीणी माता मंदिर और श्री गुरुमंदिर के निर्माण कार्य में सभी सनातनी भारतीयों ने तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की.मंच का संचालन मंदाताई नांदूरकर ने किया.

अपने आशीर्वचन में सभी को शुभ आशीर्वाद देकर एक अच्छे गुरु और कर्तव्यपरायण शिष्य की भुमिका को समझाकर जगदगुरु श्री माऊली सरकार ने उपस्थीत धर्मावलंबियों को इस काल के धर्मपरायण कर्तव्यों के साथ पवित्र एवं शुद्ध आचरण से ही हमारे जीवन के साथ हमारी आनेवाली पीढ़ियों को संस्कारित करने का कर्तव्य करने के लिए प्रबोधन किया.

अज्ञान रुपी अंधकार से बाहर निकल कर हमारा जीवन ज्ञानरुपी प्रकाश से गतिमान करने का कार्य गुरु करते हैं. इस बात को शिष्य निरंतर अपने अंतर्मन में जागृत रखे और गुरु के वचनों को में रखकर अपना जीवन कर्तव्य का पालन करे, ऐसा कह कर ईस जगत का आधार जो राममंत्र है, उसका निरंतर जप कर अपना आचरण शुद्ध करने के लिए सभी को प्रेरित किया.

सच्चे गुरु अपने कर्तव्य का निर्वहन करते है समाज की विक्रुती का मर्दन कर अच्छे विचारों का संवर्धन करते है.

माऊली सरकार के मुताबिक माता पिता के स्थान पर विराजमान रहते हैं गुरू तथा गंगाभागीरथी की पवित्र एवं शुद्ध विचारधारा को जनमानस तक प्रवाहित करना शिष्य का आद्यकर्तव्य.वैदिक सनातन हिंदुधर्म की शाश्वत धारणा अनुसार गुरु ही भगवान का सगुण रूप.गुरु अज्ञान रुपी अंधकार से बाहर निकालकर हमारा जीवन ज्ञानरुपी प्रकाशसे गतीमान करते और शिष्योंका जीवन नवचैतन्यमय करते यही सच्चे गुरु की पहचान है.

जगदगुरु राजेश्वर माऊली सरकार देवता भी जिस मंत्र के लिये तरसते वही राममंत्र तारक है , जो हमारे आचरण की शुद्धी करता और हमारे संस्कारोका संवर्धन करता है.गुरु को वंदन करना और उनके दिए ज्ञान का ऋण व्यक्त करने के लिए दो दशकों से अधिक समय से श्री स्वामी भक्त 'गुरुपौर्णिमा' मनाते आ रहे है. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुपौर्णिमा उत्सव दिनांक 21 जुलाई को बड़े उत्साह के साथ सबसे पहले सुबह 6 से 9 बजे के बीच श्री रुक्मिणी माता की षोडशोपचार पूजा संपन्न हुई. इसके बाद सुबह 9 से 11 बजे तक गायक जितू पाखरे की मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों का सुरमय भक्ति संगीत कार्यक्रम हुआ. इस दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों से भरपूर समर्थन दिया. इसके बाद सुबह 11 से 11.30 बजे तक स्वामीजी का पाद्यपूजन संपन्न हुआ. इसके बाद 11.30 से 1 बजे तक स्वामीजी ने उपस्थित भक्तों को आशीर्वचन दिए. फिर श्री के दर्शन एवं पुजन हेतु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. इस समय गुरुदिक्षा समारोह में कई भक्तों ने स्वामीजी से दीक्षा ली. इसके बाद उपस्थित हजारों स्वामी भक्तों ने महाप्रसाद का लाभ लिया. इस उत्सव के पूर्व संध्या में यानी 20 जुलाई को मंगलमूर्ति सुंदरकांड मंडल द्वारा भक्तिमय सुंदरकांड का सुंदर आयोजन संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने गुरूवर्य का पाद्य पूजन करते हुए आशिर्वाद प्राप्त किया. हजारों भक्त उपस्थित थे.कुल मिलाकर गुरू भक्ति कासैलाब दिखाई दिया.












## गुरूवार 3 से 9 जुलाई 2024

**इस सप्ताह आप किसी शादी पार्टी में सम्मिलित होने बाहर जा सकते है, वाहन आदि के चलाने में सावधानी बरतें. वाद-विवाद की स्थिति से खुद को दूर रखें. अपने परिचित व्यक्ति से आज आपको अपमान का सामना करना पड़ सकता है, पार्टनर का साथ मिलेगा.**

**वृषभ-** इस सप्ताह आप नया वाहन आदि खरीद सकते है, परिवार में नया मेहमान आ सकता है. आपको कोई नए कार्य का बड़ा ऑफर आज मिल सकता है, किसी पुराने मित्र से मिलना होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें, परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे.

**मिथुन-** आज का दिन आपका शानदार रहेगा, मन स्थिर और प्रसन्न रहेगा. वाणी के प्रभाव से आज आपके रूके हुए काम पूरे होंगे. किसी विशेष व्यक्ति से मिलना होगा. आज कोई नया व्यापार आप शुरू कर सकते है, पार्टनर के स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

**कर्क-** आज का दिन आपका सोच विचार कर काम करने का है. आप कोई बड़ा डिसीजन व्यापार-व्यवसाय में न लें, नई साझेदारी में सावधानी बरतें. स्वास्थ्य का ध्यान रखें, पार्टनर के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी. आप आज वाहन आदि के चलाने में सावधानी बरतें.

**सिंह-**आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें. व्यापार-व्यवसाय में अपने सहयोगी पार्टनर्स से सावधान रहें, नहीं तो आपका काम बिगड़ सकता है. कोई नया लेन-देन आज न करें, वाहन चलाते समय सावधानी बरतें.

**कन्या-**आज आपका मन अशांत रहेगा, व्यापार-व्यवसाय में नुकसान उठाना पड़ सकता है. कोई बड़ा काम आपके हाथ से निकल सकता है. आज आप पारिवारिक मतभेद में उलझ सकते हैं. आप कोई बड़ा जोखिम आज व्यापार मे न उठाएं. पार्टनर के स्वास्थ्य के कारण चिंतित रह सकते हैं.

**तुला-**आज का दिन आपका बहुत अच्छा रहने वाला है, आज आप कोई नया बिजनेस शुरू कर सकते हैं. आपनों का साथ मिलेगा, परिवार में मांगलिक कार्यक्रम होंगे. कोई नया वाहन मकान खरीद सकते हैं,किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं.

**वृश्चिक-**आज आप किसी अपने के स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे, माता-पिता का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ सकता है. व्यापार-व्यवसाय में अपने पार्टनर का आज आपको सहयोग मिलेगा. कोई बड़ा काम आज आप शुरू कर सकते हैं काम में रूकावट जरूर आएगी. वाणी पर संयम रखें.

**धनु-**आज के दिन आप वाहन आदि के चलाने में सावधानी बरतें. किसी काम का बहुत दिनों से सोच रहे हैं आज वह काम पूरा होगा. न्यायालय पक्ष के काम में आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है. वाणी पर संयम रखें, वाद विवाद की स्थिति में अपना बचाव करें.

**मकर-** सप्ताह में आपको कोई सुखद समाचार मिलेगा, परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का योग बनेगा. आप कोई नया निवेश व्यापार-व्यवसाय में कर सकते हैं. पार्टनर का स्वास्थ्य खराब हो सकता है, पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा.

**कुंभ-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है. आप कोई नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं या व्यापार में कोई बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं. कार्यक्षेत्र में पार्टनर का अच्छा सहयोग मिलने से कार्यक्षेत्र में लाभ होगा. परिवार का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा.

**मीन-** इस सप्ताह स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना होगा. आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. आप परिवार के किसी सदस्य के कारण परेशानी में पड़ सकते हैं. संतान की चिंता बनी रहेगी, व्यापार-व्यवसाय में सहयोगी से मतभेद बढ़ सकते है, आज आप किसी नए काम के लिए विचार कर सकते हैं. पारिवारिक विवाद से दूर रहें.

**आपका सप्ताह शुभ हो, विदर्भ स्वाभिमान यही कामना करता है.**

# वो जाने वाले हो सके तो लौट के आना

## आदरांजलि ज़ीतेन्द्र जैन का बहुमुखी व्यक्तित्व नहीं भूल सकता है कोई

क़हते हैं कि जीवन में जो आया है, उसे एक न एक दिन जाना ही होता है. अटल सत्य है, इसमें कोई कभी अपवाद नहीं हो सकता है. लेकिन अपने कार्यों से कई लोग हमेशा लोगों की यादों में रहते हैं, ऐसे ही लोगों में शामिल हैं बडनेरा के आनंद परिवार के समर्पित सेवी जीतेन्द्र जैन. आनंद परिवार नाम के मुताबिक आनंद का जहां स्त्रोत है, वहीं व्यवसाय के क्षेत्र में आज आदर्श के रूप में माना जाता है. तीनों पार्टनरों में भाई से भी अधिक प्रेम इसकी खूबी है और कहते हैं कि कोई भी प्रतिष्ठान तभी तरक्की करता है जब इसके संचालकों के साथ ही क़र्मयोगी भी सेवाभाव और समर्पित भाव से काम करते हैं. आनंद परिवार के संचालक प्रदीप जैन के छोटे भाई और सभी में अपार लोकप्रियता हासिल करने वाले जीतेन्द्र जैन को हमसे बिछड़े भले ही एक साल हो गया है लेकिन उनकी सादगी, काम के प्रति समर्पण, विश्वसनीयता के मापदंड पर उनकी खूबी सभी को सताती है. बताते समय स्वयं आनंद परिवार के प्रमुख समाजसेवी सुदर्शन गांग की आंखें नम हो जाती हैं. वे बताते हैं कि कर्मठता इतनी कि स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के बाद भी दुकान में जाने और बेहतरीन कार्य करने की प्रेरणा अन्यों को देने लायक व्यक्तित्व जीतेन्द्र था. उनका व्यवहार जहां अधीनस्थ कर्मयोगियों के साथ याराना और विनम्रता का था, वहीं दूसरी ओर व्यापारियों के साथ उनकी गहरी दोस्ती उनके व्यक्तित्व की खूबी कहना गलत नहीं होगी. बेटी चारू मेधावी छात्रा के साथ ही आदर्श संस्कारों की धनी है.ज़ीतेन्द्र के चेहरे की चिरस्थायी मुस्कान अन्यों को भी प्रेरित करने वाली थी.



कभी किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि सभी के लिए दिल में अपार प्रेम रखने वाले जीतेन्द्रभैया सभी को रूलाते हुए इस संसार से विदा लेंगे. एक साल का समय भले ही बीत गया लेकिन आनंद परिवार को एक क्षण के लिए भी नहीं भूले हैं. दुकान में समय पर पहुंचने से लेकर हर बात पर बारीकी से नजर, ग्राहकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण, उनके स्वभाव के कारण उन्हों ने हजारों ऐसे ग्राहक आनंद एजेंसीज से जोड़े, जो सदैव के लिए उनके ही बन गए हैं. हर रिश्ते में जहां जीतेन्द्र जैन सदैव अग्रणी रहे वहीं उनकी विनम्रता इतनी थी कि सभी उनका गुणगान करते नहीं थकते थे. काम के प्रति समर्पण से आत्मीय आनंद मिलने की बात वे अक्सर कहते थे. आमतौर पर बहुत कम लोगों के नसीब में यह भाग्य होता है. वे जीवनभर सिद्धांत,कर्मठता, ईमानदारी के साथ ही काम को ही पूजा मानकर काम करते रहे. उन्हें सदैव आनंद परिवार, विदर्भ स्वाभिमान परिवार याद करता रहा है. विनम्र आदरांजलि. प्रभु उनकी दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करें, यही कामना.वे आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी सच्चाई, ईमानदारी, कर्मठता हम सभी के लिए प्रेरणा बनेगी.अनिल कासंडे के साथ उनका गहरा लगाव और मित्रता वाला संबंध तथा सहयोगी की भूमिका भी सराहनीय थी. उन्हें आदरांजलि.

**प्रदीप जैन, आनंद परिवार,अमरावती.**



# बेकार नहीं जाती है जीवन में सच्ची सेवा-रामेश्वर उपाध्याय

**अमरावती-**ज़ीवन मेंकिया गया कोई भी अच्छा कार्य बेकार नहीं जाता है. इसलिए सदैव सांसें चलने तक स्वयं के साथ ही समाज, राष्ट्र के लिए भी सदैव योगदान देने का प्रयास हर व्यक्ति को करना चाहिए. इससे मिलने वाली खुशी करोड़ों की दौलत से अधिक रहती है. मानवता की सेवा से बड़ी सेवा नहीं होती है. जीवन में हम किसी को खुशी नहीं दे सकते हैं तो दुःख देने का कदापि प्रयास नहीं करना चाहिए. इस आशय का मत समाजसेवी रामेश्वर उपाध्याय ने व्यक्त करते हुए विदर्भ स्वाभिमान के पंद्रहवें वर्ष में पदार्पण पर अपना आशिर्वाद दिया.






# जिला विकास के प्रयास को समर्पित नेत्री

## नवनीत राणा ने कहा कि लाखों लोगों का प्यार उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि,जनसेवा जारी रहेगी

### फिनले शुरू होने के संकेत, बेलोरा हवाई अड्डे से भी उड़ान की कोशिश तेज

**विदर्भ स्वाभिमान, 23 जुलाई**

**अमरावती-**जिले के विकासार्थ राणा दम्पति द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है. विधायक रवि राणा तथा पूर्व सांसद नवनीत राणा द्वारा जिले में अचलपुर के विकास के साथ ही हजारों श्रमिकों को बेरोजगार करने वाली बंद फिनले मिल शुरू करने को लेकर कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह के साथ बैठक के बाद मंगलवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस द्वारा विधायक रवि राणा के साथ की गई बैठक के चलते यह मिल शुरू होने के संकेत मिले हैं. इसके लिए राणा दम्पति द्वारा लम्बे समय से लगातार प्रयास किया जा रहा है, इसके बेहतरीन परिणाम निकलने की संभावना जताई जा रही है.

शहर के इतिहास में बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के भी जिस तरह से पूर्व सांसद नवनीत राणा ने अमरावती की आवाज को दिल्ली में मजबूत आवाज दी थी, निराधारों,गरीबों के साथ ही किसानों , दिव्यांगों और सभी की आवाज उठाई थी, आज उसे याद किया जा रहा है. इतना ही नहीं तो लोगों को भी विकास का मौका खोने का गम सता रहा है, कई लोगों द्वारा इसे व्यक्त भी किया जा रहा है.संसद के शुरू मानसून सत्र में अमरावती जिले की जनता को इसकी कमी खलती दिखाई दे रही है. लोग आज इस गलती को मानने से नहीं हिचक रहे की मतदान के माध्यम से अमरावती जिले के विकास को उन्होंने 10 साल पीछे छोड़ दिया है. विशेष रूप से सांसद नवनीत राणा महिलाओं में अत्याधिक लोकप्रिय रहने के कारण महिलाओं को गलती का पछतावा हो रहा है.

**जनता के लिए करती रहूंगी**



इस मामले में भाजपा की राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर की नेत्री नवनीत राणा का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें जनता की सेवा की सीख दी है. अमरावती जिले ने उन्हें सदैव अपार प्रेम दिया है और आज भी दे रहा है, राजनीति में हार-जीत चलती है लेकिन जिले के सर्वांगीण विकास का जो सपना उन्होंने देखा था, उसे ब्रेक लगने के कारण थोड़ी दुःखी जरूर हैं लेकिन जिले को विकास में अग्रणी रखने के लिए अपने संपर्कों का इस्तेमाल करते हुए वे तथा विधायक रवि राणा सदैव प्रयासरत रहेंगे.

सांसद रहने के बाद भी नवनीत राणा की सादगी विकास को लेकर विजन और अमरावती जिले के सर्वांगीण विकास का सपना और इस सपने के लिए दिल्ली में लगातार किया जा रहा प्रयास अब लोगों को याद आ रहा है. कई लोग यह कहने में भी नहीं सकते कि जाति धर्म की बजाय राणा दंपति ने सदैव जनता के भलाई के साथी शहर और जिले को विकास के मामले में सदैव अग्रणी रखने का ही प्रयास किया है. आज भी राणा दंपति द्वारा जनता को ही अपना सब कुछ मानने वाली मानसिकता अन्य किसी नेताओं के स्वभाव में नहीं देखी जा सकती है. सांसद के रूप में नवनीत राणा ने कई इतिहास दिल्ली में रच दिए.

दिल्ली में कपड़ा मंत्री से मुलाकात की बात हो, बेलोरा हवाई अड्डे को गति देने की बात हो आज भी अमरावती जिले के विकास के लिए उनका दिल सदैव धड़कता है. इसका अनुभव उनसे मिलने वाले कार्यकर्ताओं के साथी जिले के नागरिक भी करते हैं. बड़ी संख्या में लोग यह स्वीकार करने में तनिक भी हिचक नहीं करते की अमरावती के सांसद ने जिस तरह से आम जनता के लिए इस अति विशिष्ट पद का उपयोग किया था, इसका उदाहरण ना तो अमरावती में इससे पहले था और ना ही भविष्य में भी दिखाई दे सकता है.




गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.

सन 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.

फोन 2564125,2674048

राजपुरोहित डिजिटल स्टुडियो

शादी-ब्याह का रंग, हमारे संग

आधुनिकतम साज-सज्जा के साथ ही रियायती कीमत में बेहतरीन गुणवत्ता की विडियो शूटिंग के लिए शहर ही नहीं तो समूचे विदर्भ में एकमात्र विश्वसनीय केन्द्र.फोटोग्राफी, विडियो शूटिंग के साथ अलबम के काम किए जाते हैं.

राजपुरोहित फोटो स्टुडियो

कृष्णार्पण कॉलोनी, संत लहानुजी महाराज मंदिर के पास,अमरावती.अमरावती.

मो.9028123251






दिलदार यार अजीतभाई जैन को जन्मदिन की मंगलमय




शुभेच्छुक- अजीत जैन मित्र परिवार, विदर्भ स्वाभिमान अखबार परिवार,अमरावती